दृष्टि IAS & Banking

Add : 3rd Floor , Sundaram Complex,
Bhanwarkua Main Road Indore M.P.
9826508385

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोले

Test Code :

परीक्षण पुस्तिका

सामान्य अध्ययन

समय : दो घण्टे | पूर्णांक : 200

अनुदेश

1. परीक्षा प्रारंभ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर ले कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीरक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।
3. इस पंक्ति के साथ में दिये गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में 100 प्रश्नांश (प्रश्न) दिये गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिये गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन ले जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिये गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने है। उत्तर-पत्रक में दिये गए निर्देश देख लें।
6. सभी प्रशनों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर केवल उत्तर-पत्रक अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिये कुछ पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न है।
10. गलत उत्तरों के लिये दंड:

    वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीद्वार द्वारा दिये गए गलत उत्तरों के लिये दण्ड दिया जाएगा।

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिये चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीद्वार द्वारा प्रत्येक दिये गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किये गए अंकों का एक-तिहाई दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीद्वार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे गलत उत्तर माना जाएगा, चाहे दिये गए उत्तरों में से एक सही हो, उस प्रश्न के लिये उपर्युक्तानुसार ही दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीद्वार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीद्वार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिये कोई दण्ड नहीं दिया जाएगा।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जए तब तक न खोलें

1. मानव प्रजाति के वर्गीकरण के लिये निम्नलिखित में से किन विशेषताओं पर विचार किया जाता है

1. त्वचा का रंग 2. बालों के प्रकार
3. सिर का आकार 4. रक्त समूह

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये

(अ) केवल 1 और 2 (ब) केवल 1, 2 और 3
(स) केवल 2,3 और 4 (द) रक्त समूह

2. निम्निलखित युग्मों पर विचार कीजिये

प्रजातीय समूह	मूल निवास क्षेत्र
1. बांटु -	पूर्वी अफ्रीका
2. तुंगु -	दक्षिणी अफ्रीका
3. हाटेन्टाट -	उत्तरी अफ्रीका

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/ हैं ?

(अ) केवल 1 (ब) केवल 1 और 2
(स) 1,2 और 3 (द)उपर्युक्त में से कोई नहीं

3. ये लोग जायरे घाटी के उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों के निवासी हैं। ये खानाबदोश होते है और अपनी आजीविकास शिकार, फंदा लगाने, मछली पकड़ने और भोजन संग्रह से चलाते हैं। ये विश्व की सबसे बौनी प्रजातियों में से हैं। उपरोक्त वर्णन निम्नलिखित में से कौन-सी जनजाति से संबंधित है ?

(अ) पिग्मी (ब) बांटू
(स) मसाई (द) बद्दू

4. संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार, किसी देश की जनसांख्यिकी को निर्धारित करने वाला समूह है –

(अ) 15-29 वर्ष (ब) 14-49 वर्ष
(स) 14-59 वर्ष (द) 15-64 वर्ष

5. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये –

तेल क्षेत्र	राज्य
1. रव्वा तेल क्षेत्र -	गुजरात
2. मोरन-हुगरीजन -	तमिलनाडु
3. मंगला क्षेत्र -	असम

दिये गए युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1, 2 और 3 (द)उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. हाल ही में समाचारों में रही 'बंदर परियोजना' (Bunder Project) निम्नलिखित खनिजों में से किसकी खोज से संबंधित है ?

(अ) सोना (ब) तांबा
(स) यूरेनियम (द) हीरा

7. भारत में निम्नलिखित खानों में से कौन-सी तांबा उत्पादन के लिये जानी जाती है ?

1. मलाजखंड 2. खेतड़ी
3. कोडरमा

निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये

(अ) केवल 2 (ब) केवल 1 और 2
(स) 1, 2 और 3 (द)उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. निम्निलखित में से कौन सा राज्य जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना से नहीं जुड़ा है ?

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) मध्य प्रदेश
(स) ओडिशा (द) पश्चिम बंगाल

9. इस बंदरगाह का निर्माण 1927 में शुरू किया गया। यात्री जहाज एस.एस. जलदुर्ग के आगमन के साथ 7 अक्तूबर, 1933 को इसे औपचारिक रूप से भारतीयों के समुद्री यातायात के लिये खोल दिया गया। यह भारत के 13 प्रमुख बंदरगाहों में से एक है। डॉल्फिन नोज़ और रोज़ हिल्स इस बंदरगाह के पास के दो प्रसिद्ध स्थान है। अंग्रेज़ शासकों द्वारा मुख्य रूप से ऊन, मूंगफली और मैंगनीज के निर्यात की मांग को पूरा करने के लिये इस बंदरगाह का उपयोग किया जाता था। उपरोक्त वर्णन निम्नलिखित में से किस बंदरगाह से संबंधित है ?

(अ) मुद्रा (ब) पाराद्वीप
(स) कांडरा (द) विशाखापत्तनम

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

1.हेमेटाइट अयस्क लौह सामग्री उपस्थिति की प्रतिशत्ता के मामले में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ लौह अयस्क है।

2. एंथ्रेसाइट कार्बन सामग्री उपिस्थति के मामले में उपलब्ध उच्चतम गुणवत्ता का सख्त कोयला है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/ से सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द)उपर्युक्त में से कोई नहीं

11. यदि आप प्रसिद्ध सेला पास, तवांग मठ की समृद्ध बौद्ध विरासत, जीरो म्यूजिक फेस्टिवल और बारडो छम नृत्य का अनुभव लेते हुए यात्रा कर रहे हों, तब आप भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में है ?

(अ) सिक्किम (ब) मिज़ोरम

(स) अरूणाचल प्रदेश (द) जम्मू और कश्मीर

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

1. वन क्षेत्र ऐसे क्षेत्र को कहा जाता है जिसका विस्तार एक हेक्टेयर से अधिक हो और वृक्ष आच्छादन घनत्व दस प्रतिशत या उससे अधिक हो

2. 'वन आच्छादित क्षेत्र' वन के रूप में सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज सभी भौगोलिक क्षेत्र को इंगित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

13. निम्निलखित कथनों पर विस्तार कीजिये –

1. संयुक्त वन प्रबंधन कार्यक्रम सामुदायिक भागीदारों को प्रत्यक्षतः शामिल नहीं करता है

2. संरक्षण रिज़र्व और सामुदायिक रिज़र्व वन्यजीवन संरक्षण अधिनियम में हुए संशोधन के प्रतिफल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1 न ही 2

14. निम्निलखित में से कौन-से संरक्षण के स्व-स्थाने (इन-सिटू) तरीके हैं ?

1. राष्ट्रीय उद्यान 2. संरक्षित वन

3. संरक्षित जैवमंडल 4. बोटैनिकल गार्डन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये

(अ) केवल 1, 2 और 4 (ब) केवल 1, 2 और 3

(स) केवल 1 और 3 (द) 1, 2, 3 और 4

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

1. वायुमंडल का घनत्व पृथ्वी की सतह के निकट सर्वाधिक होता है और ऊँचाई बढ़ने के साथ यह घटता है

2. क्षोभमंडल की मोटाई भूमध्य रेखा पर सर्वाधिक होती है

3. जलवायु और मौसम में सभी परिवर्तन समतापमंडल में घटित होते है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है

(अ) केवल 1 और 2 (ब) केवल 2

(स) केवल 1 और 3 (द) 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर मिट्टी के प्रकार की पहचान कीजिये –

1. यह आर्द्र और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में स्व-स्थाने (इन सिटू) निर्मित होता है

2. इसकी प्राप्ति खोंडालाइट नामक इसके चट्टान से होती है

3. इसे अच्छी इमारत सामग्री माना जाता है और प्रायः इसे ईंट–पत्थर कहा जाता है।

4. यह लोहे के उच्च अनुपात की उपलब्धता हेतु जाना जाता है

नीचे दिये गए विकल्पों का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये

(अ) रेगुर मिट्टी (ब) लाल मिट्टी

(स) लेटराइट मिट्टी (द) जलोढ़ मिट्टी

17. आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंडाई फ्रेमवर्क 2015-30 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. इसे आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर आयोजित दूसरे संयुक्त राष्ट्र विश्व सम्मेलन में अंगीकृत किया गया।

2. यह ह्योगो फ्रेमवर्क फॉर एक्शन (एचएफए) की उत्तराधिकारी व्यवस्था है

3. यह वैश्विक आपदा जोखिम न्यनीकरण पर एक कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) केवल 2 और 3 (द) 1, 2 और 3

18. हाल में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर आर्थिक हानियाँ, निर्धनता और आपदाएँ

1998-2017 शीर्षक रिपोर्ट जारी की गई। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

1. रिपोर्ट के अनुसार, पूर्ण हानियों के मामले में भारत चीन के बाद दूसरा सर्वाधिक प्रभावित देश है

2. इसके अनुसार, वर्ष 1978 से 1997 के बीच दर्ज आर्थिक हानियों की तुलना में वर्ष 1997 से 2017 के बीच प्रत्यक्ष आर्थिक हानियों में गिरावअ दर्ज की गई है

उपर्युक्त कथनों में कौन सा सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

19. यह पर्वत दर्रा नेपाल, भारत और चीन के बीच रणनीतिक त्रि-संधीय सीमा पर स्थित है। इसका उपयोग कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों द्वारा किया जाता है। भारत और चीन ने 1992 में इस दर्रे के माध्यम से अपना पहला सीमा व्यापार मार्ग खोला था। उपरोक्त वर्णन निम्नलिखित में से किस पर्वत दर्रे का है

(अ) शिपकी ला (ब) माना ला

(स) लिपुलेख ला (द) नाथू ला

20. निम्नलिखित शहरों में से कौन भारत के जीरो माइल सेन्टर के निकटतम देशांतर पर स्थित शहर है ?

(अ) रायपुर (ब) पुणे

(स) बैंगलोर (द) हैदराबाद

21. मिट्टी का यह प्रकार मुख्य रूप से प्राचीन रवेदार और कायांतरित चट्टानों के अपक्षय के कारण बनता है। इसकी संरचना का विस्तार बलुई से लेकर चिकनी मिट्टी तक होता है लेकिन अधिकतम हिस्सा दोमट मिट्टी का है। सामान्यत: यह मिट्टी अधिक ऊँचाई पर निर्मित होती है और तीव्र निक्षालन इसकी एक विशेषता है। इस मिट्टी में केओलिनाईट (चीनी मिट्टी) की मात्रा अधिक होती है। इसमें नाइट्रोजन , ह्यूमस, फॉस्फोरिक ऐसिड, मैग्नीशियम और चूने की कमी होती है लेकिन पोटाश भारी मात्रा में पाया जाता है । भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 10.6 प्रतिशत इस मिट्टी के प्रकार से आच्छादित है। उपरोक्त वर्णन निम्नलिखित में से किस मिट्टी के प्रकार का है ?

(अ) जलोढ़ मिट्टी (ब) काली मिट्टी

(स) लाल मिट्टी (द) लेटराइट मिट्टी

22. हाल ही में, खाद्य और कृषि संगठन द्वारा दिया जाने वाला भविष्य नीति पुरस्कार – 2018 (FPA) इस राज्य को प्राप्त हुआ है। यहाँ प्रसिद्ध हूर हुरे दर्रा और जेमु ग्लेशियर अवस्थित है। यहाँ यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल भारत का प्रथम 'मिश्रित वैश्विक धरोहर स्थल' भी है। इस राज्य की जलवायु दक्षिण में उप-उष्णकटिबंधीय से लेकर उत्तर में टुंड्रा जलवायु तक विस्तृत है। उपरोक्त वर्णन निम्नलिखित राज्यों में से किसका है ?

(अ) अरूणाचल प्रदेश (ब) सिक्किम

(स) त्रिपुरा (द) जम्मू और कश्मीर

23. भारत के प्रायद्वीपीय क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

1. भारत के गोंडवाना कोयला भंडार का 90 प्रतिशत से अधिक भाग प्रायद्वीपीय क्षेत्र में पाया जाता है

2. प्रायद्वीपीय भारत का सर्वोच्च शिखर डोडा बेटा है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

24. भारत की निम्नलिखित नदियों पर विचार कीजिये

1. बेतवा 2. लूनी

3. चंबल 4. सुवर्णरेखा

उपर्युक्त में से कौन-सी उत्तर दिशा में बहने वाली नदियाँ है ?

(अ) केवल 1 और 3 (ब) केवल 1, 2 और 3

(स) केवल 2, 3 और 4 (द) 1, 2, 3 और 4

25. निम्नलिखित नदियों में से कौन सी नदी कृष्णा नदी की सहायक नदी है, जो कर्नाटक के शिवमोगा से निकलती है, दो नदियों का संगम है और पूर्वी घाट से होकर बहती है ?

(अ) पेनगंगा (ब) मालप्रभा

(स) हेमवती (द) तुंगभद्रा

26. पूर्वी और पश्चिमी घाटों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

1. यद्यपि पूर्वी घाट खंडित, निम्न पर्वत पट्टी है, पश्चिमी घाट इसकी तुलना में अखंडित और उच्च पर्वत पट्टी है।
2. पूर्वी और पश्चिमी घाट अन्नामलाई की पहाड़िया में मिलते है
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है
(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

27. हिमालय के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन से सही है
1. हिमालय पर्वत प्रणाली विश्व की सर्वोच्च और सबसे लंबी पर्वत श्रृंखला है
2. हिमालय पर्वत श्रेणी का कंचनजंगा पर्वत विश्व का तीसरा सर्वोच्च शिखर है
3. हिमालय पर्वत प्रणाली अपने पूर्वी भाग की तुलना में पश्चिम में अधिक चौड़ी है
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये –
(अ) केवल 1 और 3 (ब) केवल 2 और 3
(स) केवल 3 (द) 1 , 2 और 3

28. निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिये
1. अरूणाचल प्रदेश 2. असम
3. मेघालय 4. मिजोरम
उपर्युक्त में से कौन से राज्य म्यांमार के साथ अपनी भू-सीमा साझा करते है
(अ) केवल 1 और 3 (ब) केवल 1 और 4
(स) केवल 2, 3 और 4 (द) 1, 2, 3 और 4

29. चक्रवात और प्रतिचक्रवात के मध्य निम्नलिखित अंतरों पर विचार कीजिये
1. प्रतिचक्रवात में उच्च दबाव केन्द्र होते हैं, जबकि चक्रवात की विशेषता निम्न दबाव केंद्र है
2. उत्तरी गोलार्द्ध में चक्रवात के लिये वायु का प्रवाह दक्षिणावर्त होता है, जबकि प्रतिचक्रवातों में वायु का प्रवाह वामावर्त होता है ।
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है
(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

30. निम्नलिखित में से कौन-से कारक पृथ्वी की सतह पर सूर्यातप में भिन्नता प्रकट करते है ?
1. अपनी धुरी पर पृथ्वी का घूर्णन
2. सूर्य की किरणों के झुकाव का कोण
3. दिन की लंबाई
4. वातावरण की पारदर्शिता
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये
(अ) केवल 1, 2 और 4 (ब) केवल 1, 2 और 3
(स) केवल 1 और 3 (द) 1, 2, 3 और 4

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये
1. सिंधु डेल्टा क्षेत्र गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा क्षेत्र से कम उपजाऊ है
2. सिंधु नदी जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब से होकर बहती है
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है
(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 (द) न तो 1, न ही 2

32. निम्नलिखित में से कौन-सी सिंधु नदी की सहायक नदियाँ है ?
1. जास्कर 2. श्योक
3. सुरू 4. पेन्नार
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये
(अ) केवल 1, 2 और 3 (ब) केवल 2, 3, और 4
(स) केवल 1, 2 और 4 (द) केवल 2 और 3

33. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी की युवावस्था की विशेषताएँ है
1. क्षिप्रिका 2. V- आकार की घाटियाँ
3. विसर्प 4. डेल्टा
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये
(अ) केवल 1 और 3 (ब) केवल 1 और 4
(स) केवल 1 और 2 (द) 1, 2 और 3

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. भारत के लिये एक संविधान सभा का विचार पहली बार जवाहर लाल नेहरू ने रखा
2. कैबिनेट मिशन योजना में यह प्रावधान दिया गया कि संविधान सभा के सदस्यों को केवल चुनाव के माध्यम से चुना जाएगा।
3. महात्मा गांधी और एम.ए. जिन्ना दो ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्ति थे जो संविधान सभा के सदस्यों के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए थे

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही है

(अ) केवल 1 और 2 (ब) केवल 2 और 3
(स) केवल 1 और 3 (द)उपर्युक्त में से कोई नहीं

35. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये –

संविधान सभा की समितियाँ		अध्यक्ष
1. प्रारूप समिति	-	बी.एन.राव
2. मौलिक अधिकार सलाहकार समिति	-	डॉ. राजेंद्र प्रसाद
3. राज्य समिति	-	सरदार पटेल
4. संघ शक्ति समिति	-	डॉ. के. एम. मुंशी

उपर्युक्त में से कौन सही सुमेलित है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 3
(स) केवल 1 और 4 (द)उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन का प्रावधान ठीक संविधान लागू होने की तिथि से प्रभावी हुआ
2. लोकसभा के पहले चुनाव के तुरंत बाद दल-बदल का प्रावधान पहली बार प्रयोग किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और दोनों (द) न तो 1, न ही 2

37. भारतीय संविधान की प्रस्तावना संशोधित संस्करण है

(अ) नेहरू रिपोर्ट का (ब) अगस्त प्रस्ताव का
(स) उद्देश्य संकल्प का (द) सांप्रदायिक पुरस्कार का

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. नम्यता और अनम्यता, दोनों भारतीय संविधान की विशेषताएँ है
2. राष्ट्रपति भारतीय संविधान का संरक्षक है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही नहीं है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. लिखित संविधान, संविधान की सर्वोच्चता, स्वतंत्र न्यायपालिका और द्वि-सदनीय व्यवस्था, संघीय प्रकार के संविधान की मुख्य विशेषताएँ हैं।
2. भारतीय संविधान को स्वरूप में एकात्मक किंतु भावना में संघात्मक कहा जाता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही नहीं है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

40. भारतीय संविधान में निम्नलिखित में से किस समिति की सिफारिश पर भाग IV-A, मूल कर्तव्यों को शामिल किया गया था ?

(अ) सरकारिया आयोग (ब) स्वर्ण सिंह समिति
(स) शेकटकर समिति (द) फजल अली समिति

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. भारतीय संविधान अपने सार में धर्मनिरपेक्ष है, इसलिये यह किसी भी धर्म को सुरक्षा प्रदान नहीं करता है
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 लोगों को नास्तिक होने से प्रतिबंधित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

42. भारतीय संविधान में अन्य देशों के संविधानों से प्रमुख विशेषताओं को स्वीकार किया है। इस संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये

संवैधानिक विशेषताएँ		देश
(A) राष्ट्रपति पर महाभियोग	-	1. जर्मनी
(B) आपातकाल में मौलिक	-	2. यू.एस.

अधिकारों का स्थगन

(C) एकल नागरिकता - 3. ऑस्ट्रेलिया

(D) संसद के दोनों सदनों - 4. ब्रिटेन
की संयुक्त बैठक

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही सुमेलित युग्म चुनिये

	A	B	C	D
(अ)	1	2	3	4
(ब)	2	1	4	3
(स)	3	2	1	4
(द)	2	1	3	4

43. राज्य चुनाव आयोग के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये –

1. 72 वें और 74 वें संविधान अधिनियम के द्वारा राज्य चुनाव आयोग का गठन का प्रावधान किया गया था ।
2. यह राज्य के विधानमंडल, पंचायत और नगर निकायों के चुनाव आयोजित करने की शक्ति रखता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

44. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित है

	प्रावधान	अनुसूची
1.	दल-परिवर्तन रोधी -	बारहवीं अनुसूची
2.	शपथ या प्रतिज्ञान -	दूसरी अनुसूची
3.	संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त भाषाएँ –	दसवीं अनुसूची
4.	भूमि सुधार -	छठीं अनुसूची

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) केवल 1 और 3 (द)उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. भारतीय संविधान का दार्शनिक हिस्सा प्रेरित है

(अ) आयरिश संविधान से

(ब) अमेरिकी संविधान से

(स) ब्रिटिश संविधान से

(द) आयरिश संविधान और अमेरिका संविधान दोनों से

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

1. मौलिक अधिकार रक्षणीय नहीं है, इसलिये इन्हें संसद के दोनों सदनों के साधारण बहुमत से संशोधित करके घटाया या निरस्त किया जा सकता है
2. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत गैर-न्यायसंगत प्रकृति के हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. संविधान अपनी शक्ति भारत की जनता से अधिगृहित करता है।
2. परिपृच्छा, पहल, प्रत्यावर्तन और जनमत-अप्रत्यक्ष लोकतंत्र के चार यंत्र है।
3. भारत में कार्यपालिका अपनी सभा नीतियों और कार्यों के लिये विधायिका के प्रति उत्तरदायी होती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही है ?

(अ) केवल 1 और 2 (ब) केवल 1 और 3

(स) केवल 2 और 3 (द) 1, 2 और 3

48. 42 वें सविधान संशोधन अधिनियम ने 1976 में पहली बार प्रस्तावना में संशोधन किया और इसमें कुछ शब्द जोड़े। इस संशोधन द्वारा प्रस्तावना में जोड़े गए शब्दों का सही अनुक्रम चुनिये

(अ) धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी और अखंडता

(ब) अखंडता, समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष

(स) समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता

(द) धर्मनिरपेक्ष, अखंडता और समाजवादी

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. प्रस्तावना भारत के संविधान का एक अभिन्न अंग है।
2. प्रस्तावना के अनुसार विधायिका अपनी विधायी शक्तियों का उपयोग करने के लिये बाध्य है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

50. निम्निलखित कथनों पर विचार कीजिये –

DRISHTI IAS BANKING

1. संविधान राज्यों को अपनी विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित करके अपने नाम बदलने का अधिकर देता है।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 3 के अंतर्गत केंद्र के पास संसद में एक साधारण विधेयक पारित करके भारत के किसी भी क्षेत्र को बाहरी देश को देने की शक्ति है –

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. भारत का संविधान केंद्र को सामान्य विधायी प्रक्रिया का पालन करके राज्य को नष्ट करने की शक्ति प्रदान करता है
2. 36 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (1975) द्वारा सिक्किम को भारतीय संघ के एक पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

52. राज्य के पुनर्गठन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. फ़जल अली आयोग की सिफारिश पर आंध्र प्रदेश भाषायी आधार पर गठित होने वाला पहला राज्य बन गया ।
2. धर समिति ने 'एक भाषा एक राज्य' की सिफारिश की।
3. जेवीपी समिति ने पूर्णत: भाषा के आधार पर नए राज्य बनाने के विचार को खारिज कर दिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 3

(स) केवल 2 और 3 (द)उपर्युक्त में से कोई नहीं

53. अनुच्छेद 13 के अंतर्गत परिभाषित 'विधि' में निम्नलिखित में से किन्हे शामिल किया जाता है ?

1. संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित स्थायी विधियाँ
2. राज्यपालों या राष्ट्रपति द्वारा जारी अध्यादेश, जैसे- अस्थायी विधियाँ ।
3. प्रत्यायोजित विधान (कार्यपालिका विधान) की प्रकृति में संवैधानिक साधन, जैसे-अध्यादेश, आदेश, उपविधि, नियम विनियम या सूचना
4. विधि के गैर-विधायी स्त्रोत, जैसे – विधि का प्रभाव रखने वाली परंपरा या प्रथा।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये

(अ) केवल 1 और 2 (ब) केवल 2 और 3

(स) केवल 1, 2 और 3 (द) 1, 2, 3 और 4

54. एक व्यक्ति जो पूरी आयु तथा क्षमता का हो, पॉच वर्ष के लिये भारत के एक समुद्रपारिक नागरिक के रूप में पंजीकृत हो, और भारतीय नागरिकता के लिये आवेदन करने से पहले एक वर्ष के लिये भारत में रहा हो, भारतीय नागरिकता प्राप्त करेगा –

(अ) पंजीकरण द्वारा (ब) प्राकृतिक रूप से

(स) जन्म द्वारा (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. भारत की नागरिकता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. किसी ऐसे देश के नागरिकों को , जहाँ भारतीय नागरिकों को प्राकृतिक रूप से नागरिकता हासिल करने से रोका गया हो, किसी भी परिस्थिति में भारतीय नागरिकता प्रदान नहीं की जा सकती है
2. यदि कोई विदेशी क्षेत्र भारत का हिस्सा बनता है तो उस क्षेत्र के नागरिकों को भारतीय नागरिकता के अर्जन के लिये पंजीकरण हेतु आवेदन करना होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है –

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

56. मूल अधिकारों को संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

1. मूल अधिकार राज्य की सीमा निर्धारित करते हैं, अत: केवल राज्य के विरूद्ध उपलब्ध है
2. अनुच्छेद 13 सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों को यह अधिकार प्रदान करता है कि वे किसी भी मूल

DRISHTI IAS • BANKING

अधिकार के उल्लंघन के आधार पर किसी विधि को गैर-संवैधानिक या अवैध घोषित कर सकते है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

57. मार्शल लॉ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह केवल मूल अधिकारों को प्रभावित करता है
2. इसे केवल देश के किसी क्षेत्र विशेष में लागू किया जाता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, नहीं 2

58. विधि के समक्ष समता तथा विधि के समान संरक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

1. अनुच्छेद 14 किसी भी परिस्थिति में किसी व्यक्ति के साथ किसी भी भेदभाव का निषेध करता है क्योंकि यह विधि के समक्ष समता से तथा विधियों के समान संरक्षण से संबंधित है
2. विधि के समक्ष समता एक सकारात्मक संदर्भ है, जबकि विधियों के समान संरक्षण एक नकारात्मक संदर्भ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

59. राष्ट्रपति तथा राज्यपालों को दी जाने वाली उन्मुक्तियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

1. राज्यपाल के विरूद्ध दांडिक कार्यवाही, उनकी पदावधि के दौरान केवल सर्वोच्च न्यायालय में प्रारंभ की या जारी रखी जा सकती है
2. राष्ट्रपति के कार्यकाल के दौरान, उनके विरूद्ध किसी भी न्यायालय में दीवानी का मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही नहीं है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

60. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये

प्रावधान	अनुच्छेद
A. लोक नियोजन के विषय में अवसर की समता	- 1. अनुच्छेद 17
B. प्रारंभिक शिक्षा का अधिकार	- 2. अनुच्छेद 21A
C. अल्पसंख्यकों की भाषा, लिपी और संस्कृति की सुरक्षा	– 3. अनुच्छेद 29
D. अस्पृश्यता का अंत और उसका आचरण निषिद्ध	- 4. अनचच्छेद 16

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये

	A	B	C	D
(अ)	1	2	3	4
(ब)	4	2	3	1
(स)	3	2	1	4
(द)	2	1	3	4

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. राज्य किसी नागरिक को सार्वजानिक स्नान घाटों के प्रयोग से रोक नहीं सकता है
2. अनुच्छेद 15 राज्य को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से कमजोर वर्गों के नागरिकों लिये कोई विशेष प्रावधान करने से नहीं रोकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. 1993 में पिछड़े वर्गों के लिये राष्ट्रीय आयोग अधिनियम को पारित किया गया था
2. बैकलॉग रिक्तियों में 'फॉरवर्ड नियम' का प्रावधान जनता के अपर्याप्त रूप से प्रतिनिधित्व किये गए वर्ग को सुरक्षित करने की विचारधारा को अंगीकार करता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

63. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

DRISHTI IAS

1. एक व्यक्ति जिसे 'अस्पृश्यता' के तहत दोषी करार दिया जाए, संसद या राज्य विधानमंडल का चुनाव नहीं लड़ सकता है।
2. नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम (1955) व्यक्तियों के सामाजिक बहिष्कार या धार्मिक सेवाओं से उनके बहिष्कार को 'अस्पृश्यता के तहत अपराध' मानता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

64. अनुच्छेद 18 'उपाधियों का अंत' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये
1. यह केवल भारत के नागरिक को राष्ट्रपति की सहमति के बिना राज्य के अधीन लाभ के पद को धारण करते हुए किसी विदेशी राज्य से उपाधि स्वीकार करने से प्रतिबंधित करता है।
2. यह राज्य द्वारा वंशानुगत पद को छोड़कर किसी को कोई भी उपाधि प्रदान किये जाने पर रोक लगाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

65. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये
1. अनुच्छेद 19 नागरिकों को हड़ताल का अधिकार प्रदान करता है परंतु प्रदर्शन या विरोध का अधिकार नहीं देता है
2. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नागरिक को न केवल अपने स्वयं के विचार व्यक्त करने के लिये बल्कि दूसरों के विचारों को भी व्यक्त करने की शक्ति प्रदान करती है।
3. यह एक राजनीतिक दल या संगठन द्वारा आयोजित बंद के विरूद्ध अधिकार प्रदान करता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही नहीं है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 1 और 2

(स) केवल 1 और 3 (द) 1, 2 और 3

66. रिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये
1. उत्प्रेषण संबंधी रिट व्यक्तियों के अधिकारों को प्रभावित करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ जारी किया जा सकता है।
2. अधिकार पृच्छा संबंधी रिट की मांग केवल पीड़ित व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है।
3. प्रतिषेध संबंधी रिट को न्यायिक एवं अ्रध-न्यायिक प्राधिकरणों के विरूद्ध जारी किया जा सकता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही नहीं है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) केवल 1 और 3 (द) 1, 2 और 3

67. बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये
1. आपराधिक आरोप में न्यायालय द्वारा हिरासत में लिये गए व्यक्ति को रिहा करने के लिये इसे जारी नहीं किया जा सकता है
2. बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट, प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सही नहीं है

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

68. 'भारतनाट्यम' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार किजिये :
1. यह ईश्वर के आशीर्वाद के लिये की जाने वाली स्तुति 'मंगलम' से शुरू होता है।
2. यह तमिलनाडु की शास्त्रीय नृत्य कला है।
3. उन्नीसवीं शताब्दी की की 'तंजौर चौकड़ी' (Tanjore Quartet) इससे संबंधित है।

उपर्युकत कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं?

(अ) केवल 1 (ब) केवल 1 और 3

(स) केवल 2 और 3 (द) 1, 2 और 3

69. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः
1. नाट्य-नृत्य रूप 'यक्षगान' और 'तेय्यम' स्थानीय नायकों और देवताओं का गुणगान करते है।
2. 'कलरीपायट्टु' और 'छऊ' मार्शल आर्ट से निकली हुई विशेष नृत्य कलाएँ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

DRISHTI IAS BANKING

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. भरत मुनि का 'नाट्यशास्त्र' केवल नाट्य कला से संबंधित है।
2. जयदेव कृत 'गीत-गोविन्द' राधा और कृष्ण के प्रेम पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है?
(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

71. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में पाल चित्रकला शैली विकसित हुई?
(अ) मगध क्षेत्र (ब) दक्कन क्षेत्र
(स) कच्छ क्षेत्र (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. वीणा और संतुर निम्नलिखित वाद्ययंत्रों की किस श्रेणी में आते है?
(अ) तत वाद्य (ब) सुषिर वाद्य
(स) अवनद्ध वाद्य (द) घन वाद्य

73. भारतीय नाट्य रूपों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. कर्नाटक का पारंपरिक रंगमंच रूप 'यक्षगान', पौराणिक कथाओं और पुराणों पर आधारित है।
2. 'तमाशा' नाटक में, नायिका नृत्य मुद्र की मुख्य प्रदतिपाद होती है।
3. 'दशावतार' उत्तर-पूर्व भारत की एक विकसित नाट्य शैली है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही है?
(अ) केवल 1 और 2 (ब) केवल 1 और 3
(स) केवल 2 और 3 (द) 1, 2 और 3

74. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	कठपुतली के प्रकार	उदाहरण
1.	स्ट्रिंग पपैट (धागा)	कठपुतली
2.	छाया कठपुतली	तोलगु गोम्बयेट्टा
3.	छड़ कठपुतली	यमपुरी
4.	दस्तान कठपुतली	पावाकूथू

उपर्युक्त युग्मों में से कौन से सही सुमेलित है?
(अ) केवल 1 और 2 (ब) केवल 2 और 3
(स) केवल 1, 2 और 3 (द) 1, 2, 3 और 4

75. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. मुगल चित्रकला मुख्य रूप से धर्मनिरपेक्ष थी, जबकि मध्य भारत, राजस्थानी और पहाड़ी क्षेत्र में चित्रकला उस क्षेत्र के धर्म से गहन रूप से प्रभावित थी।
2. बशोली नामक लघु चित्रकारी पहाड़ी चित्रकला शैली का एक अच्छा उदाहरण है।
3. मुगलकालीन चित्रकला का उदय जहाँगीर के काल में हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से सही है?
(अ) केवल 1 और 2 (ब) केवल 1 और 3
(स) केवल 2 और 3 (द) 1, 2 और 3

76. अशोक के शासनकाल में चट्टान काटकर बनाई गई 'लोमश ऋषि गुफा', समर्पित है:
(अ) बौद्ध धर्म को (ब) जैन धर्म को
(स) आजीवक संप्रदाय को (द) हिन्दू संप्रदाय को

77. सातवाहन काल के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –
1. सातवाहन शासकों ने भारत के पश्चिमी तट के साथ-साथ गुफा मंदिरों और मठों का उत्खनन किया और कई बौद्ध स्तूपों का निर्माण किया।
2. वे ब्राह्मणों के लिये भूमि अनुदान देने वाले पहले शासक थे।
3. जिलों को 'अहारा' कहा जाता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही है?
(अ) केवल 1 और 2 (ब) केवल 1 और 3
(स) केवल 2 और 3 (द) 1, 2 और 3

78. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –
1. भगवान बुद्ध ने अपने उपदेश पालि भाषा में दिये।
2. बौद्ध साहित्य पालि और संस्कृत दोनों भाषाओं में उपलब्ध है।

उपर्युकत कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

79. सारनाथ के सिंचतुर्मुख स्तंभ के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बुद्ध द्वारा धम्मचक्र प्रवर्तन की स्मृति में बनाया गया है।
2. सिंहचतुर्मुख स्तंभ की संपूर्ण छवि को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में अपनाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं?

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

80. भारतीय दर्शन के संप्रदायों (पद्धतियों) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में पर विचार कीजिये:

1. न्याय संप्रदाय में यह माना जाता है कि स्पष्ट सोच और तर्क परमानंद का आवश्यक माध्यम है।
2. 'अद्वेतवाद का सिद्धांत' देने वाले शंकराचार्य वेदांत संप्रदाय के प्रतिपादक थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

81. दक्षिण भारत की भक्ति परंपरा के अनुसार 'अलवर' थे –

(अ) शिव के भक्त (ब) विष्णु के भक्त
(स) मंदिर के नर्तक (द) साहूकार

82. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

1. 'विनयपिटक' में बुद्ध की शिक्षाएँ शामिल हैं।
2. 'सुत्तपिटक' ममें उन लोगों के लिये नियम और विनियम शामिल हैं, जो संघ में शामिल होते थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

83. यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में निम्नलिखित में से भारत के कौन से सांस्कृतिक स्थल सूचीबद्ध है?

1. एलिफेंटा की गुफाएँ
2. फतेहपुर सीकरी
3. लाल किला
4. सूर्य मंदिर (कोणार्क)
5. जंतर मंतर (जयपुर)

निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(अ) केवल 1, 2 और 3 (ब) केवल 2, 3 और 4
(स) केवल 1, 3, 4 और 5 (द) 1, 2, 3, 4 और 5

84. हर्षवर्धन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये –

1. उनकी जीवनी 'हर्षचरित' बाणभट्ट द्वारा लिखी गई है।
2. उन्होंने हीनयान के सिद्धांतों को प्रचारित करने का प्रयास किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

85. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आर्यभट्ट ने सूर्यग्रहण और चन्द्रग्रहण की व्याख्या की।
2. 'मेघदूतम्' कालिदास रचित पद्यात्मक रचना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

86. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विमान, अर्धमंडप, महापंडप और नंदीमंडप राजाराज प्रथम द्वारा बनावाए गए तंजौर के वृहदेश्वर मंदिर की प्रमुख विशेषताएँ है।
2. वास्तुकला की वेसारा शैली चोल राजाओं द्वारा विकसित की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

87. मध्यकालीन भारत में, शहर के चारों ओर कई 'सराय' बनाए गए थे। इस संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(अ) ये विदेशी यात्रियों को आश्रय प्रदान करते थे।
(ब) ये विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को जोड़ने में मदद करते थे।

DRISHTI IAS BANKING

(स) ये व्यापारियों और सौदागरों के लिये सुरक्षित विश्राम घर के रूप में कार्य करते थे।
(द) इन्हें शाही वस्तुओं के भण्डार के रूप में इस्तेमाल किया जाता था।

88. वृहद शिलालेख में उल्लिखित शब्द 'धम्मघोष', संबंधित है –
(अ) अशोक से (ब) चन्द्रगुप्त मौर्य से
(स) उदायिन से (द) गौमतिपुत्र शतकर्णी से

89. मौर्य साम्राज्य के प्रशासन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है?
1. सन्निधाता मूल्यांकन और कर-संग्रह का शीर्ष प्राधिकारी था।
2. अशोक ने विभिन्न सामाजिक समूहों तक धर्म का प्रचार करने के लिये धम्ममहापात्र नियुक्त किये।
निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

90. हिन्द–यूनानी शासन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
1. भारत के उत्तर-पश्चिम सीमा क्षेत्रों में हेलेनिस्टिक कला की शुरूआत की शरूआत यूनानीयों से की गई।
2. हिन्द-यूनानी शासन से भी पहले, भारत में सोने के सिक्के सर्वप्रथम कुषाणों ने जारी किये।
3. 'मिलिन्दपन्हो' बौद्ध भिक्षु नागसेन और यूनानी सम्राट मिलिंद के बीच हुआ प्रश्नोत्तर वार्तालाप है।
निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(अ) केवल 1 (ब) केवल 1 और 3
(स) केवल 2 और 3 (द) 1, 2 और 3

91. प्राचीन भारत में भाषा और सहित्य के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. कुषाण काल में यूनानी, प्राकृत और संस्कृत भाषाएँ प्रचलन में थीं।
2. रुद्रदमन का जूनागढ़ शिलालेख काव्यात्मक शैली में लिखा गया था।
3. बुद्ध की जीवनी 'बुद्धचरित' प्राकृत भाषा में लिखी गई थी।
निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(अ) केवल 1 (ब) केवल 1 और 2
(स) केवल 2 और 3 (द) 1, 2 और 3

92. प्राचीन भारत में 'अवदान' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
1. ये महायान बौद्ध धर्म के जीव चरित और शिक्षाओं पर लिखे गए ग्रंथ हैं।
2. 'महावस्तु' और 'दिव्यवदान' इस विधा के महतवपूर्ण ग्रंथा है।
निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(अ) केवल 1 (ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

93. प्राचीन भारत के 'सांख्य' दर्शन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है?
1. इनके अनुसार, सृष्टि अपनी रचना और विकास के लिये ईश्वर से अधिक प्रकृति के प्रति अनुगृहीत है।
2. इसने इस सिद्धांत का प्रतिपादन किया कि सभी भौतिक वस्तुओं का निर्माण परमाणुओं से हुआ है।
3. यह आध्यात्मिक अस्तित्व में विश्वास नहीं करता है।
निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(अ) केवल 1 (ब) केवल 1 और 3
(स) केवल 2 और 3 (द) 1, 2 और 3

94. प्राचीन भारत में 'औषधि विज्ञान' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
1. औषधियों का प्राचीनतम उल्लेख अथर्ववेद में मिलता है।
2. रोगों के उपचार के लिये सुश्रुत ने आहार और स्वच्छता पर विशेष बल दिया।
3. 'चरकसंहिता' वनस्पतियों और रसायनशास्त्र के अध्ययन के लिये उपयोगी है।
निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(अ) केवल 1 (ब) केवल 1 और 3
(स) केवल 2 और 3 (द) 1, 2 और 3

DRISHTI IAS • BANKING
DRISHTI IAS

95. प्राचीन भारत में हुए 'कलभ्र विद्रोह' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. कलभ्र एक आदिवासी समुदाय था, जिसने छठी शताब्दी में चोल वंश और अन्य समकालीन राजवंशों को पराजित कर सत्ता प्राप्त की थी।
2. यह विद्रोह तत्कालीन दक्षिण भारत की सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था के विरूद्ध लक्षित था।

निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

96. गुप्तकाल के साहित्य के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. 'अमरकोश' पतंजलि द्वारा संकलित संस्कृत का शब्दकोश है।
2. शूद्रक द्वारा रचित 'मृच्छकटिकम्' एक प्रेम कथा है।

निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

97. गुप्त काल की प्रशासनिक व्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. गुप्त साम्राज्य में सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी 'कुमारमात्य' थे।
2. साम्राज्य को विभिन्न विभागों में विभाजित किया गया था, जिन्हें 'विषय' कहा जाता था, जिसे एक विषयपति के प्रभार में रखा जाता था।

निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

98. प्राचीन भारत के 'संगम साहित्य' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. 'संगम' तमिल प्रमुखों या राजाओं का एक गौण या जनसमूह था।
2. संगम साहित्य को दो समूहों में विभाजित किया जाता है – वर्णनात्मक ग्रंथ और उपदेशपूर्ण ग्रंथ।
3. इन ग्रथों में गाँवों के अनुदान तथा सूर्य एवं चन्द्र राजवंशों से राजाओं के अवतरित होने का वर्णन है।

निचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(अ) केवल 3 (ब) केवल 1 और 2

(स) केवल 2 और 3 (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. प्राचीन भारत में 'तमिल साहित्य' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. 'तोल्काप्पियम' व्याकरण और काव्यशास्त्र से संबंधित है।
2. 'तिरुक्कुरल' दर्शन से संबंधित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(अ) केवल 1 (ब) केवल 2

(स) 1 और 2 दोनों (द) न तो 1, न ही 2

100. वैदिक ग्रंथों में 'निष्क' और 'सतमान' शब्द संदर्भित हैं -

(अ) सिक्के या प्रतिष्ठित वस्तुओं से

(ब) गौ-अनुदान से

(स) जाति बहिष्कृत से

(द) प्रशासनिक उपाधियों से